अहिल्याबाई रैली के दौराव उपद्रव, स्टंटबाजी के बाद पथराव कर फोड़े पुलिस वाहन

कई पुलिसकर्मी घायल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। मुरार रामलीला मैदान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर पाल-बघेल समाज द्वारा आयोजित वाहन रैली के दौरान भारी हंगामा और पथराव हुआ। कुछ युवाओं द्वारा सरेराह ट्रैक्टर और बाइकों से स्टंट किए जा रहे थे। कुछ युवा तलवार व लाठी-लुहांगी लेकर आए थे। मौके पर तैनात पुलिस बल ने इस हुड़दंग को रोकने और रैली में खुलेआम लहराए जा रहे तलवार-लाठियों को जब्त करने का प्रयास किया, तो उपद्रवी युवक पुलिस से टकरा गए।

युवाओं ने न सिर्फ पुलिस से अपने वाहन जबरन छुड़ाने का प्रयास किया बल्कि पथराव भी किया। पथराव में पुलिस की

गाड़ियों के कांच टूट गए और पुलिसकर्मियों को चोटें आई।

पुलिस ने भी काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला। इस दौरान पाल-बघेल समाज का एक युवक घायल हुआ है। उसने पुलिस पर ही बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है।

पाल-बघेल समाज के लोग लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 301वीं जयंती पर वाहन रैली निकालने के लिए मुरार रामलीला मैदान में एकत्रित हुए थे। वाहन रैली निकालने के लिए पाल-बघेल समाज के एक वर्ग ने मना भी किया था, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईधन बचाने की अपील की थी। इसके बाद भी समाज का एक ध?ा पाल-बघेल समाज की शान अहिल्यादेवी की जयंती पर रैली निकालने के पक्ष में था।

होल्कर सेना के अध्यक्ष दिनेश बघेल, अन्य समाज के सदस्य हेमंत पाल, धीरू पाल, कैलाश पाल व मदन पाल ने जिला प्रशासन से रैली की विधिवत इजाजत ली थी जिसमें बताया गया था कि किसी तरह का शस्त्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

रैली में शामिल कुछ युवक और नाबालिग अपनी बाइकों की रफ्तार बढ़ाकर खतरनाक स्टंट करने लगे। हद तो तब हो गई जब कुछ उत्साही युवाओं ने एक ट्रैक्टर पर 8 से 10 लोगों को ऊपर बैठाकर रामलीला मैदान के बीचों-बीच ट्रैक्टर को दो पहियों पर उठाने और गोल-गोल घुमाने जैसे जानलेवा स्टंट शुरू कर दिए।

हथियार जब्त करने पर भड़का विवाद: मैदान में कानून-व्यवस्था संभालने के लिए मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तत्काल दखल देकर युवाओं को ऐसा जानलेवा स्टंट करने से रोका और इसका कड़ा विरोध जताया। युवा नहीं माने और पुलिसकर्मियों से ही अभद्रता व गाली-गलौज करने लगे। विवाद तब और बढ़ गया जब पुलिस ने स्टंट कर रहे युवकों की चाबियां निकाल लीं और रैली में खुलेआम तलवार और लाठियां लेकर घूम रहे युवकों से हथियार जब्त करने की कोशिश की।

पुलिस की इस सख्ती से नाराज होकर पाल-बघेल समाज के उग्र युवाओं ने पुलिस अफसरों पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को धक्का देकर अपने जब्त वाहन जबरन छीनने का प्रयास किया और देखते ही देखते पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए इस पथराव से मैदान में भगदड़ मच गई। उपद्रवियों के पत्थरों से वहां खड़ी पुलिस की सरकारी गाड़ियों के कांच चकनाचूर हो गए। बदमाशों द्वारा की गई इस पत्थरों की बौछार में कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, अजीब पहलू यह रहा कि हुड़दंगियों द्वारा चलाए गए पत्थरों में से एक भारी पत्थर खुद पाल-बघेल समाज के ही एक सदस्य में जा लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उपद्रव के बीच से उस घायल युवक को रेस्क्यू किया।

जेयू में 5 जून को लगेगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

एक ही छत के नीचे मिलेंगी 15 विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। जीवाजी विश्वविद्यालय के सिटी सेंटर स्थित राधाकृष्णन भवन में संचालित स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 5 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे तथा कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें भी निशुल्क की जाएंगी।

स्वास्थ्य केंद्र के समन्वयक डॉ. राजेंद्र खटीक ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील शर्मा, छाती एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवल शर्मा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य जैन, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अवधेश तोमर, न्यूरो फिजीशियन डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश सक्सेना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि चौहान, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सौम्या सिंह, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित तिवारी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रविता तोमर, होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. सुनील मेवाफरोश, आयुर्वेदाचार्य डॉ. केके गुप्ता, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अलका चौहान तथा हेयर एंड स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. दीपमाला एवं तेज सिंह अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में हड्डियों की जांच निशुल्क की जाएगी। इसके अलावा ईसीजी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर सहित अन्य रक्त जांचें भी की जाएंगी। मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य होंगे, जबकि अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार मिश्रा करेंगे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न आज 4.14 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज सोमवार 1 जून को उप नगर ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों में 4.14 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन करने के उपरांत वार्ड नंबर 1 सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। ऊर्जा मंत्री सोमवार को सुबह 10:00 बजे 2 करोड़ रुपए की लागत से जेसी मिल गेट से चार शहर का नाका तक नवीन सीवर लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन 50 क्वार्टर जेसी मिल बिरला नगर ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे। तदोपरान्त सुबह 11 बजे रामेश्वरी नगर में 30 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड 8 स्थित वीरेन्द्र सिंह सिकरवार के चक्की के पास रामेश्वरी नगर में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर दोपहर 12 बजे डोंगरपुर उपाध्याय सदन से हनुमान मंदिर तक आकाश श्रीवास्तव के निवास के पास 24 लाख रुपए की लागत से विभिन्न गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन फोर्ट व्यू स्कूल के सामने स्थित मैदान लक्ष्मण तलैया में आयोजित कार्यक्रम में करेंगे। इसके बाद शाम 5:00 बजे संत कृपाल सिंह जी के आश्रम से बहोडापुर तक रोड डिवाइडर के दोनों ओर 1.60 करोड़ रुपए की लागत से नवीन सीवर लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

जैन सोशल ग्रुप का भक्तामर महामंडल विधान से हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 31 मई। जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2026-28 का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में श्री दिगंबर जैन मंदिर, त्रिशला माता, उरवाई गेट पर आयोजित भव्य भक्तामर महामंडल विधान के साथ संपन्न हुआ।

जैन समाज प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक जितेंद्र जैन (पेट्रोल पंप) एवं निकुंज जैन के सानिध्य में हुआ। विधान में लगभग 200 से अधिक सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भक्तिपूर्वक पुण्यार्जन किया।

संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार जैन ने बताया कि यह आयोजन अध्यक्ष मोदी अरविंद जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विधान के दौरान सौधर्म इंद्र द्वारा भगवान को पांडुक शिला पर विराजमान कर भव्य अभिषेक एवं शांतिधारा की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम में गगन जैन ने सौधर्म इंद्र, रामकुमार जैन एवं रविंद्र जैन (बाबा) ने यज्ञनायक एवं ध्वजारोहण कर्ता, दीपक जैन ने मुख्य कलश विराजमान कर्ता तथा अनुज जैन (मेडिकल), मनीष जैन, अतुल जैन लोहिया एवं सुमित जैन ने कलश विराजमान कर्ता के रूप में धर्म लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर संगिनी नारी शक्ति द्वारा जिनवाणी एवं अष्ट प्रतिहार की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में रंजना जैन, नीतू जैन मोदी, सुप्रिया जैन, नैना जैन, शालिनी जैन, आरती जैन, रजनी जैन एवं ममता जैन सहित अनेक महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर के सम्माननीय सदस्य अभिषेक जैन चेतन, आशीष जैन (मामा), अमित जैन (सिद्ध मोबाइल), एडवोकेट रोहित जैन, अजय जैन कागदी, मोहित जैन, निखिल जैन, आनंद जैन, प्रदीप जैन, महेशचंद जैन, नरेंद्र जैन, सुबोध जैन, नवीन जैन, प्रमोद जैन, रसीला जैन, नेहा जैन, राजीव जैन, राजकुमार जैन एवं नीरज जैन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे और धर्म लाभ प्राप्त किया।

ऊर्जा मंत्री ने बूथ क्रमांक 119 पर सुनी मन की बात

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को सुबह उप नगर ग्वालियर के भाजपा कोटेश्वर महादेव मंडल के कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों के साथ बूथ क्रमांक 119, शक्ति केंद्र-7, वार्ड क्रमांक 4 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को श्रवण किया।

इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण उपरांत कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार, राष्ट्र निर्माण के संकल्प, जनभागीदारी की भावना तथा विकसित भारत के विजन ने हम सभी को नई ऊर्जा, उत्साह एवं प्रेरणा से ओतप्रोत किया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी की मन की बात: भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का श्रवण शहीद भगत सिंह मंडल के घासमंडी स्थित बूथ पर किया।

अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से गर्मी के इस मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की एवं जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उन्होंने देशभक्ति, सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों में योगदान देने वाली प्रेरणादायी विभूतियों का उल्लेख भी किया।

इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिला मंत्री सुनील शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी पंकज पाठक, सरपंच संघ मुरार के अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा के नेता जितेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा के पूर्व जिला कार्यालय मंत्री गौरव जैन, देवेश शर्मा, रवि कटारे, सोनू रामपाल ,बबलू आदि मौजूद थे

स्व. भटनागर स्मृति हॉकी में शैलेंद्र राणा हाउस एवं अंकित पाल हाउस अगले दौर में

दर्पण की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएं खिलाड़ी : महेंद्र सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 31 मई। दर्पण मिनी हॉकी स्टेडियम पर आयोजित स्वर्गीय ज्ञान प्रकाश भटनागर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता में आज का पहला मुकाबला शिवेंद्र यादव हाउस एवं अंकित पाल हाउस के मध्य खेला गया जिसमें मैच के प्रारंभ में माणिक वर्मा ने शानदार मैदानी गोलकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, वही मैच के पांचवें मिनट में माणिक वर्मा ने लगातार दूसरा गोल कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी दो गोल की बढ़त से शिवेंद्र यादव हाउस की टीम में खलबली मच गई।

शिवेंद्र यादव टीम ने विरोधी टीम पर आक्रमण किया परंतु

उसका कोई लाभ टीम को नहीं मिला जबकि अंकित पाल हाउस की टीम ने पलटवार करते हुए माणिक वर्मा को शानदार पास दिया जिसे माणिक वर्मा ने गोल में बदलकर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लगाकर अपनी टीमको 3-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद अंकित पाल एकादश के गौरव वर्मा ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर एवं नंदिता शर्मा ने मैदानी गोल किया। प्रशांत गोयल ने दो मैदानी गोलकर अपनी टीम को अजय बढत दिल दी, शिवेंद्र यादव हाउस से एकमात्र गोल ललित जाटव ने किया और मैच की अंतिम सिटी बजने तक स्कोर 7-1 अंकित पाल की टीम के पक्ष में रहा।

प्रतियोगिता का आज का दूसरा मैच शैलेंद्र राणा हाउस एवं दीपक अग्निहोत्री हाउस के मध्य खेला गया जिसमें शैलेंद्र राणा हाउस 3-2 से विजय रही जिसमें शैलेंद्र राणा टीम की ओर से विवेक पाल ने दो गोल किए एवं टीम के कप्तान लक्ष्य राणा ने शानदार मैदानी गोलकर अपनी टीम को विजेता बनाया। आज के पहले मैच के प्लेयर ऑफ द मैच माणिक वर्मा को मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच विवेक पाल को श्याम श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव, प्रशासक अपेक्स बैंक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जंडेल सिंह सिंह गुर्जर प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम श्रीवास्तव मौजूद रहे। अन्य अतिथियों में बच्चन सिंह यादव, गुड्डू तोमर, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि हॉकी प्रशिक्षक अविनाश भटनागर लंबे समय से हॉकी खिलाड़ियों को तैयार कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रदेश और देश को गवांवित कर रहे हैं इस टूर्नामेंट के माध्यम से नवोदित खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का बहुत अच्छा अवसर मिल रहा है खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठाएं और आगे चलकर दर्पण मिनी होकी स्टेडियम की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएं। अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव विवेक पिसाल, आयोजन अध्यक्ष अविनाश भटनागर, टूर्नामेंट डायरेक्टर दिलशाद खान, कमल किशोर, नीरज शर्मा, सत्येंद्र यादव आदि ने किया। राष्ट्रीय हॉकी अंपायर रईस कुरैशी, रितु अनामिका तिर्की, विक्रमसिंह, आदर्श सिंह, शिवानी गौतम एवं ममता सिंह ने टेक्निकल ऑफीसर की भूमिका निभाई।

आज मेडसेव के अधिकारी विद्युत कर्मियों को केसलेस बीमा पॉलिसी की जानकारी देंगे

ग्वालियर। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन ग्वालियर के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं उपाध्यक्ष एस एल शाक्य के अनुसार विगत माह ऊर्जा मंत्री के सहयोग एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ग्वालियर के प्रांतीय अध्यक्ष एस के जायसवाल के प्रयास से सभी विद्युत कंपनियों के साथ मध्य क्षेत्र कंपनी में भी लागू हुई कैशलेस हेल्थ बीमा पॉलिसी की संपूर्ण जानकारी देने के लिए बीमा पॉलिसी एवं विद्युत कंपनी के मिडिएटर मेडसे कंपनी के हेड, वाइस प्रेसिडेंट विनय कुमार रिछारिया कल 1 जून को ग्वालियर आ रहे हैं। उनके द्वारा रोशनी घर ग्वालियर स्थित श्रम कल्याण केंद्र में सायं 5 बजे प्रांतीय अध्यक्ष एस के जायसवाल की अध्यक्षता में प्रेजेंटेशन दिया जाकर कैशलेस हेल्थ बीमा पॉलिसी की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पॉलिसी का कार्ड इशू होना, अस्पताल की लिस्ट, लिस्टेड हॉस्पिटल नहीं होने पर प्रतिपूर्ति की राशि कितनी मिलेगी, हेल्थ चेकअप, उसका तरीका आदि जानकारी व मन में जो भी प्रश्न हो उन सभी की जानकारी रिछारिया द्वारा दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि विद्युत मंडल द्वारा नियमित कर्मियों एवं पेंशनर्स के लिए कैशलेस हेल्थ बीमा पॉलिसी लागू की गई है जिसके तहत 500 रुपए में 5 लाख एवं 1000 में 10 लाख एवं 2000 प्रति माह वेतन कटौती में 25 लाख की कैशलेस बीमा पॉलिसी मिलेगी। ग्वालियर क्षेत्र की सभी शाखाओं ग्वालियर, मुरैना, भिंड, डबरा, दतिया शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर आदि शाखाओ के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे।

आम सूचना वास्ते सम्बन्ध विच्छेद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार धीरेन्द्र सिंह जादौन पुत्र श्री केन्द्र सिंह जादौन, निवासी ग्राम मानपुरा ककरारी पंचायत सुनारपुरा माफी तहसील मुरार, जिला ग्वालियर, हाल निवासी-पी.एम. आवास फेस-2 फ्लैट नं-402. ई-10, मानपुर, ग्वालियर का पुत्र कौशल सिंह जादौन पुत्र धीरेन्द्र सिंह जादौन, आयु-23 वर्ष, गलत संगत में पड़ गया है और आये दिन उत्पाद मचाना, मानसिक प्रताडना देना, जान से मारने की धमकी देना तथा सम्पत्ति से बेदखल करने की धौस देने से तंग आकर मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र कौशल सिंह जादौन के साथ अपने समस्त सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिये है। यहकि मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र को स्वयं की चल- अचल सम्पत्ति से उसे पूर्णतः बेदखल कर दिया है। भविष्य में कौशल सिंह जादौन के साथ किसी भी प्रकार का सम्व्यवहार या लेन-देन करने वाला व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, या अन्य स्वंय जिम्मेदार होगें तथा मेरे पक्षकार की इसमें कोई देनदारी या जिम्मेदारी नहीं होगी ओर ना ही पुलिस मेरे पक्षकार को अपने पुत्र कौशल सिंह जादौन द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन- देन या व्यवहार के लिये परेशान कर सकेगी। मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र को उसके व्यवहार के कारण बेदखल करने की सूचना संबंधित पुलिस थाना बहोडापुर, ग्वालियर को दिनांक 25.05.2026 को दे दी गई है। तदानुसार आम जन सूचित हो। दिनांक- 31.05.2026

प्रेषक -

धीरेन्द्र सिंह जादौन पुत्र श्री केन्द्र सिंह जादौन,
निवासी-ग्राम मानपुरा ककरारी पंचायत सुनारपुरा माफी तहसील मुरार, जिला ग्वालियर,
हाल निवासी- पी.एम. आवास फेस-2 फ्लैट नं-402, ई-10, मानपुर, ग्वालियर

द्वारा अभिभाषक- **राकेश राजौरिया, एडवोकेट**
ऑफिस पता- विजय नगर कॉलोनी, आमखो, लश्कर, ग्वालियर मो. 9425335737

भारत वर्ष के चार लाख करोड़ के दूध बाजार पर है दुनिया की नजर

एक जून मिल्क डे (दूध दिवस)पर विशेष

भारत वर्ष में 25 करोड़ बच्चे आज भी गाय भैस का दूध पीने से वंचित है आज भी 35 करोड़ो परिवारो को भशुद्ध देशी घी खाने को नही मिलता है

विश्व में भारत लगभग एक दशक से भारत दूध में पहले स्थान पर रहा है विश्व के कुल दूध उत्पादन में लगभग 23 प्रतिशत का योगदान है वर्ष 17-18 में 170 मिलियन दूध का उत्पादन हो रहा है प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध उपलब्धता 220 ग्राम के लगभग है कृषि जी.डी.पी. में पशु पालको का योगदान लगभग 26 प्रतिशत है दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भैस व गाय नस्लो का उदगम स्थल है। भारत सरकार की राष्ट्रीस डेयरी अनुसंधान करनाल संस्थाये दूध उत्पादन बढने के लिए कई तरह के शोध कर रही है। दूध उत्पादन की सर्वश्रेष्ठ श्रृखंला में दूध से बनी मिठाईयों का बहुत बडा योगदान है। मिठाई बनाने वालो को राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान करनाल के शोध किये हुये प्रोडेक्टो का लाभ मिलना चाहिये। जो दुकानदारो को नही मिल रहा। एक लाख लोगो को प्रत्यक्ष रूप से डेयरी उद्योग म0प्र0 मे रोजगार दे सकता है। म0प्र0 सरकार को डेयरी उद्योग के लिये अनुसांधन करने की आवश्यकता है।

भारत के डेरी सेक्टर में 70 से 80 प्रतिशत से ज्यादा लोग असंठित क्षेत्र के डेरी सेक्टर में है। विश्व में भारत में दूध उत्पादन में भले ही एक नम्बर स्थान पर है फिर भी मानक स्तर के मामले में देखा जाये तो हम बहुत पीछे है। पौष्टिकता दूध में है दूध पदार्थ में वो किसी भी फूड पदार्थ में नही । दूध में सिर्फ मुख्यता दो चीज की कमी है फायवर व आयरन अगर दोनो को मिला दिया जाये तो कम्पलीट फूट बनता है हम दूध में किस तरह से फायवर व आयरन मिला सकते है हमारे देश में कई राष्ट्रीय स्तर की डेरी अनुसंधान सस्थाये शोध कर रही है। दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और राईबोफ्लेबिन (विटामिन बी-2) विटामिन-ए डी, के व ई सहित फॉस्फोरस, मैग्नीशियम आयोडीन व कई खनिज, वसा और ऊर्जा वसा, और ऊर्जा देने वाले पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में मौजूद होते है।

एफएसएसएआई की ओर से तय मापदंडो के तहत वास (फैट) और सॉलिड नॉट फैट (एसएनएफ) का प्रतिशत देखा जाता है नियम के अनुसार गाय के दूध में एसएनएस कम से कम 8.5त्न है। इन्ही मापदण्डो के आधार पर देश के पॉच राज्यों में उत्पादित दूध का औसत एसएनएफ 8.5त्न है। गोआ 8.9त्न कर्नाटक 8.5त्न मिजोरम 8.5त्न छत्तीसगढ़ 8.6त्न महाराष्ट्र 8.5त्न दूध का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा एसएनएफ होता है जिसमें विटामिन्स मिनरल, प्रोट्रीन कैलशियम मैगनीशियम, पोटेशियम, इल्कटोस होते है।

आप सुबह रोज एक गिलास दूध व लस्सी व बादाम लस्सी पीकर जाये तो उसमें पूरे दिन का न्युट्रीशन होगा और दूध ही उसमें यह चीजे दे सकता है। सन 1950-60 में जब हम लोग 39 मिलियन टन धान पैदा कर रहे थे तब दूध का उत्पादन सिर्फ 17 मिलियन टन था। यानि कि राइस प्रोडक्शन का आधा था और आज हम लोग राइस से ज्यादा 137 मिलियन टन पैदा कर रहे है दिसम्बर 2019 तक इसकी 146 मिलियन टन हो जाने की सम्भावना है। आने वाले समय में हमारे देश में जो जरूरत है तो न्यूट्रीशन सिक्युरिटी की डेरी सेक्टर को अगर हम आगे बढ़ाएगे तभी हमारा देश न्युट्रीशिन सिक्योर्ड होगा ।

हमारे देश में विश्व के 40 प्रतिशत कुपोषित बच्चे है भारत सरकार व अन्य समाजसेवी सस्था का ये दायित्व बनता है कि गाँवो व शहरो में जाकर गर्भवती माताओं को बताना होगा कि शुरू के 1,000 दिन का पोषण उनका न्युट्रीशन है जिसका प्रभाव बच्चे पर पूरी उम्र पडता है।

यदि बच्चे को 1,000 दिन में बच्चे को पौष्टिक पदार्थ नही दिया गया अच्छा खाना नही दिया तो उसका शारीरिक व बौद्धिक विकास रूक जाता है।

दूधारू पशुओं में पाये जानी वाली मस्टाइटिस बीमारी से हर साल डेरी उद्योग को 3800 करोड का नुकसान होता है। वर्ष 2022-23 में लम्पी बीमारी से डेयरी उद्योग को काफी नुकसान हुआ। नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोसेज, करनाल (एनएबीजीआरआई) ने अपने शोध में इसे सच पाया। 22 प्रजाति के देसी नस्ल की गायो पर शोध के बाद संस्थान ने पाया कि इनमें से पांच प्रजातियों लाल सिंधी, साहीवाल, थरपाकर, गिर और राठी सर्वाधिक दूध देती हैं उनका दूध सौ फीसद ए-2 प्रकार का होता हैं अन्य में यह मात्रा 97 फीसदी तक होती हे। पर जर्सी एवं फीजियन में यह महज 60 फीसदी ही है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेज जैसे देश के कुछ शीर्ष चिकित्सकीय संस्थाओं ने भी अपने शोध में देसी प्रजाति की गायों के दूध को बेहतर माना है।

इसके साथ ही राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान बीकानेर राजस्थान द्वारा उटनी का दूध भी लोगो को पीने के लिये पाउडर में उपलब्ध करा दिया गया है ऊटनी का दूध पीने से व्यक्ति कई बीमारीयों से बचता है। गाय व भैस के साथ ऊटनी का दूध भी मिल्क पावडर के रूप में बाजार में उपलब्ध है। सयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार ऊटनी के दूध का बाजार लगभग 5 अरब अमरिकी डॉलर हो सकता है। कई देशो में ऊटनी के दूध की काफी डिमाण्ड है भारत में राष्ट्रीय ऊट अनुसंधान केन्द्र बीकानेर ऊट के दूध से आईसक्रीम दूध व खीर का उत्पादन कर रहा है। तथा कुछ कम्पनियाँ दूध से चाकलेट भी बना रही है।

दूध की मांग अधिक होने के कारण सफेद पोस अपराधी संगठित होकर डेरी व्यवसाय को भी दूषित कर दिया है, डेरी व्यवसाय में आज कल दूध में डिटर्जेंट की मिलावट वनस्पति तेल व अन्य प्रकार के तेलो को मिलाया जाता है डिटर्जेंट से सिंथेटिक दूध तैयार किया जाता है। दूध उत्पादन में दूध से बनने वाले घी में भी मिलावट की जाती है । वनस्पति तेल हाइड्रोजनी की मिलावट की जाती है।

दूध उपभोक्ता को कम गुणवता तथा मिलावटी दूध का सामना करना पडता है इसकी वजह से आर्थिक व शारीरिक नुकसान हो रहा है। कुछ लोग दूध में मिलावट करने का काम करते है दूध में हानिकारक रासायनो के साथ उर्वरक, अमोनियम, लवण, पोटेशियम सल्फेट, कास्टिक सोडा, डिटर्जेंट, सुकोज, न्यूट्रलाइजर और यूरिया आदि को मिलाकर इसकी छवि को खराब कर दिया है। ऐसे लोगो को भारत सरकार द्वारा दूध में मिलावट रोकने के लिए कडा कानून बनाया गया है। कई राज्य सरकारों ने मिलावट खोरो के खिलाफ अभियान चलाया है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार करकर जेल भेजा है। दूध में मिलावट करने वाले लोग अपने देश के साथ अपनी देश की जनता के साथ गदारी व धोखा करते है। ऐसे लोगो के खिलाफ भारतीय दण्ड सहिता के तहत 420 का मुकदमा दर्ज होना चाहियें। और आयकर विभाग को इन लोगो की सम्पत्ति को सीज करना चाहियें। महाराष्ट्र सरकार द्वारा मालवानी हुंच मिलावट वाले मामले में आरोपियों पर हत्या की धारा 302 लगाई है देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा कि दूध में मिलावट करने वालो को सजा उम्र कैद की सजा मिलना चाहिये।

विष्णु अग्रवाल
न्यू कॉलोनी नः 2 क्वाटर नः 32
बिरला नगर ग्वालियर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लाखन धाकड़ पुत्र महेश धाकड़ के आधिपत्य का एक भवन, जो सर्वे क्र. 478/4 का भाग पर निर्मित है, स्थित सिंधिया नगर, ग्राम - आऊखानाकला, ग्वालियर में है, जिसका क्षेत्रफल 618 वर्ग फुट है, तथा जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - रास्ताआम, पश्चिम में - भवन राजपूत, उत्तर में - भवन पोशन सिंह, दक्षिण में - भवन पाल। लखन धाकड ने उक्त सम्पत्ति जरिये विक्रय पत्र प. पं. दि. 23/03/2025 के द्वारा श्रीमती अंजना राजपूत पत्नी मुकेश राजपूत से क्रय की है। श्रीमती अंजना राजपूत ने उक्त सम्पत्ति जरिये विक्रय पत्र पं. पं. दि. 05/04/2023 के द्वारा शैलेन्द्र सिंह यादव पुत्र स्व. बाबू सिंह यादव से क्रय किया था। शैलेन्द्र सिंह यादव ने उक्त सम्पत्ति जरिये विक्रय पत्र पं. पं. क्रं **MP14260 2021A11036519** दि. 09/12/2021 के द्वारा मोहित गोयल पुत्र नरेश चंद गोयल से क्रय किया था। सम्पत्ति स्वामी के अनुसार, उक्त सम्पत्ति का पूर्व असल विक्रय पत्र पं. पं. क्रं. **MP142602021A1 1036519** दि. 09/12/2021 कहीं गुम हो गया है। उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु लाखन धाकड ने वित्तीय संस्था में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, प्रायवेट फाइनेंसर,उपरोक्त सम्पत्ति में अपना हक, अधिकार, ऋणभार, जमानत सम्बन्धि भार, अनुबंध रखते हो या उपरोक्त वर्णित असल विक्रय पत्र पं.पं.क्रं. **MP142 602021A11036519** दि. 09/12/2021 को पूर्व सम्पत्ति स्वामियों या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किसी बैंक या प्रायवेट फायनेन्सर के यहाँ बंधक रखकर ऋण लिया हो या किसी ऋण पेटे जमानत स्वरूप बंधक रखा हो या कोई व्यक्ति किसी प्रकार का दखल उपरोक्त सम्पत्ति में रखता हो तो उक्त सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिवस में मय दस्तावेजों के हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, 5 दिवस पश्चात् अगर लाखन धाकड का आवेदन वित्तीय संस्था के नियमों के अनुसार सही पाया जाता है तो वित्तीय संस्था उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर लाखन धाकड को ऋण प्रदान कर देगी। उसके पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण का भार उपरोक्त सम्पत्ति पर सर्वप्रथम व एक मात्र होगा।

प्रेषक : **कौशल पाराशर** एव